Roll No. …………………..

# CAFN–02

## आयुर्वेद का आहारीय चिकित्सा पद्धति में योगदान

## Certificate in Ayurvedic Food and Nutrition (CAFN–12/16)

## Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढे सात ($7\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. मर्म को परिभाषित कीजिए एवं मर्म के प्रकारों का विस्तृत वर्णन कीजिए।
2. विटामिन को परिभाषित करते हुए निम्न विटामिनों के कार्यों एवं कम मात्रा में होने से हानियों का वर्णन कीजिए :
   (अ) विटामिन-A
   (ब) विटामिन-B
   (स) विटामिन-E
   (द) विटामिन-K

3. हृदय सम्बन्धी रोगों के प्रकार को बताते हुए रोगों के कारण एवं आहार व्यवस्था का विस्तृत वर्णन कीजिए।
4. मोटापा एवं अल्पभार के कारणों को बताते हुए आहार व्यवस्था एवं देने भोज्य पदार्थ एवं वर्जित भोज्य पदार्थ का विस्तृत वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई ($2\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पंचमहाभूत को बताते हुए उसके गुण एवं पंचमहाभूतों से देहोत्पत्ति का संक्षिप्त विवरण कीजिए।
2. आयुर्वेद में भोज्य पदार्थों के वर्गीकरण का वर्णन कीजिए।
3. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ दीजिए :

   (अ) Vitamin-A

   (ब) आमाशय शोथ (Gastitis)
4. अतिसार पर संक्षिप्त विवरण दीजिए।
5. इन्ट्रावीनस फीडिंग से आप क्या समझते हैं ? इन्ट्रावीनस फीडिंग किन-किन रोगों में दी जाती है ?
6. हिपेटाईटिस (Hepatitis) से आप क्या समझते हैं एवं उसके लक्षण एवं आहार व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
7. वृक्क को समझाते हुए उसके कार्यों का संक्षिप्त रूप से वर्णन कीजिए।

8. अल्सरेटिव कोलाइटिस को समझाइए एवं उसके लक्षणों एवं देने योग्य एवं वर्जित भोज्य पदार्थों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर चुनिए :

1. जो अग्नि बिना विधि खाये भोजन को कभी शीघ्र एवं कभी बहुत देर में पचाती है उसे कहते हैं :

   (अ) मन्दाग्नि

   (ब) तीक्ष्णाग्नि

   (स) समाग्नि

   (द) विषमाग्नि

2. जत्रु के ऊपर कितने मर्म पाए जाते हैं ?

   (अ) 14 (ब) 11

   (स) 9 (द) 37

3. विटामिन A के अधिक सेवन से हानि में कौन-से विटामिन का प्रयोग करना चाहिए ?

   (अ) विटामिन-A

   (ब) विटामिन-C

   (स) विटामिन-K

   (द) विटामिन-C तथा विटामिन-K

4. तीव्र आमाशय शोथ में देने योग्य भोज्य पदार्थ निम्नलिखित है :
   (अ) चाय, काफी, तम्बाकू
   (ब) दूध, दही का मट्ठा, ग्लूकोज पानी, नीबू शिकंजी, बी-काम्पलैक्स
   (स) कोमल व सादा भोजन
   (द) (ब) व (स) दोनों

5. यदि आपरेशन आमाशय, आँत, यकृत तथा पैन्क्रीयाज का नहीं है तो रोगी को कितने घण्टे बाद साधारण आहार दिया जाता है ?
   (अ) 42 घंटे (ब) 24 घंटे
   (स) 36 घंटे (द) 48 घंटे

सत्य/असत्य :

6. रक्त नाभि, हृदय, गुदा आदि शरीर के मातृज भाव हैं। (सत्य/असत्य)

7. विटामिन B कॉम्पलेक्स (Vit. B) तथा विटामिन-सी जल में अविलेय तथा स्नेह में विलेय होते हैं। (सत्य/असत्य)

8. यकृत ग्लाइकोजिन, लौह लवण तथा विटामिन-ए एवं विटामिन-डी को संचित भी करता है। (सत्य/असत्य)

9. विटामिन बी$_{12}$ (सायनोकोबेलामिन) यकृत से अस्थिगत रक्तमज्जा में पहुँचलोहित कोशिकाओं की परिपक्वता का कार्य करता है। (सत्य/असत्य)

10. एस्कोर्बिक अम्ल ऊतकों में हाइड्रोजन का वाहक है। (सत्य/असत्य)